..., Delhi, 1.6.2019
Page No. 10, Size:(17.09)cms X (3.60)cms.

# ग्रेनो से बोटेनिकल गार्डन तक सीधे जाएगी मेट्रो

## ग्रेनो प्राधिकरण बोर्ड ने एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को दी मंजूरी

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा से एक्वा लाइन मेट्रो को सीधे नोएडा के बोटेनिकल गार्डन से जोड़ा जाएगा। सेक्टर 142 के पास से एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ 14 किमी लंबा नया कॉरिडोर बनाया जाएगा। इससे मेट्रो सीधे बोटेनिकल गार्डन पहुंचेगी। अभी सेक्टर 142 से भंगेल की तरफ मेट्रो मुड़ जाती है। यह नोएडा के सेक्टर 63 तक जाती है। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 114वीं बोर्ड बैठक में मेट्रो के विस्तार का प्रस्ताव रखा गया। बोर्ड ने नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) के एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दे दी। इसके निर्माण पर करीब दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन डा. अनूप चंद्र पांडे ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन को दिल्ली मेट्रो (डीएमआरसी) की ब्लू लाइन से भी जोड़ा जाएगा। ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन और वहां प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) तक करीब चार किमी एक्वा लाइन का विस्तार किया जाएगा। फिजीबिलटी रिपोर्ट तैयार करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर शासन के पास भेज दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा से बड़ी संख्या में लोग नोएडा, दिल्ली, गुरुग्राम व फरीदाबाद जाते हैं। इनके लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो फिट नहीं बैठ रही। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को उम्मीद थी कि एक्वा मेट्रो के शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर की आवाजाही और बेहतर होगी। नौकरीपेशा ग्रेटर नोएडा में बसने को प्राथमिकता देंगे। लेकिन प्राधिकरण की उम्मीद पूरी नहीं हुई। एक्वा मेट्रो के रूट व ब्लू लाइन मेट्रो से सीधे कनेक्टिविटी न होने के कारण कम यात्री इसमें सफर कर रहे हैं। इसलिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एक्वा मेट्रो को सीधे डीएमआरसी की मेट्रो लाइन से लिंक करने की योजना को बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी। इससे दिल्ली, गुरुग्राम आने-जाने वालों को ग्रेटर नोएडा पहुंचने में सहूलियत होगी। आवाजाही में समय भी कम लगेगा। जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मेट्रो से कनेक्टिविटी देने की योजना है। एक्वा मेट्रो के नॉलेज पार्क दो स्टेशन से जेवर एयरपोर्ट मेट्रो को लिंक करने की योजना है। एयरपोर्ट तक यात्रियों को कम से कम समय में पहुंचाने के लिए एक्वा मेट्रो को ब्लू लाइन मेट्रो से सीधे लिंक करना जरूरी है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बोर्ड बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते मुख्य सचिव व ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ. अनूप चंद्र पांडे (दाएं से दूसरे) ● जागरण

### चारों तरफ जुड़ जाएगा नोएडा, ग्रेटर नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा मेट्रो का ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भी विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी घोषणा कर चुके हैं। इसके लिए एनएमआरसी सर्वे करा रहा है। बोड़ाकी रेलवे स्टेशन से सीधे नोएडा के बोटेनिकल गार्डन तक मेट्रो जाएगी। वहीं ग्रेटर नोएडा से बोड़ाकी तक भी मेट्रो आएगी। इससे नोएडा व ग्रेटर नोएडा के बीच चारों तरफ से मेट्रो लाइन एक-दूसरे से जुड़ जाएगी।

## एलईडी से रोशन होगा ग्रेनो

जासं. ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा शहर अब एलईडी लाइट से रोशन होगा। सड़क पर रोशनी के लिए अभी तक स्ट्रीट लाइट है। इसे बदल कर एलईडी लाइट लगाने के प्रस्ताव को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 114वीं बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई है। इस काम को पूरा करने के लिए एनर्जी एफिसिएंसी सर्विसेज (ईईएसएल) को जिम्मेदारी सौंप दी गई।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड बैठक के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव व प्राधिकरण के चेयरमैन अनूपचंद्र पांडेय एवं सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि शहर की सड़कों पर रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। स्ट्रीट लाइट में बिजली की अधिक खपत के कारण इनके स्थान पर एलईडी लाइट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। साथ ही इसकी जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। एलईडी लाइट लगने बिजली की भी काफी बचत होगी, जो सीधे तौर पर प्राधिकरण के लिए हितकर साबित होगा।

## ग्रेनो में नहीं बढ़ेगी जमीन की दर

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : ग्रेनो में आशियाना बनाने की योजना बना रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। प्राधिकरण बोर्ड ने संपत्तियों की दरें न बढ़ाने का फैसला किया है। प्राधिकरण हर वर्ष अप्रैल में अपनी संपत्तियों की दरों में वृद्धि करता है। अप्रैल में चुनाव आचार संहिता लगने पर शुक्रवार को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई। अटकलें लगाई जा रही थी कि दस से पंद्रह फीसद तक की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन बोर्ड ने भूखंडों की प्रचलित दरों को ही यथावत रखा है। मार्च 2020 तक जमीनों की दरें नहीं बढ़ेंगी। शहर में विकास की गति को और रफ्तार देने के लिए बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में 4260.40 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। गत वित्तीय वर्ष के मुकाबले यह 17 फीसद अधिक है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, प्राधिकरण चेयरमैन डा. अनूप चंद्र पांडे व सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि बजट का बड़ा हिस्सा जमीन अधिग्रहण पर खर्च किया जाएगा। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर (डीएमआइसी) के लिए प्राधिकरण किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदेगा। अन्य योजनाओं के लिए भी किसानों से जमीन ली जाएगी। इसके अलावा बैंकों का कर्ज भी कम किया जाएगा। शहरी सेवा व ग्राम विकास के बजट में भी बढ़ोतरी की गई है। जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए प्राधिकरण अपने हिस्से की धनराशि में से 300 करोड़ रुपये और देगा। शुक्रवार को प्राधिकरण बोर्ड ने इसे मंजूरी दे दी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा मेट्रो के लिए भी प्राधिकरण ने अपने हिस्से की धनराशि में से 100 करोड़ रुपये और जारी को स्वीकृति प्रदान की।

**राहत**

- प्राधिकरण हर साल अप्रैल में करता है बढ़ोत्तरी
- किसानों से सहमति के आधार पर ली जाएगी जमीन

ग्रेनो प्राधिकरण का कुल बजट
**4260.40 करोड़**

सेक्टरों के विकास पर खर्च होंगे
**376.40 करोड़**

गांवों के विकास पर खर्च होंगे
**200 करोड़**

उद्यान पर खर्च होंगे
**20 करोड़**